मूल्य १० ०० रुपये

तित्थयर

ष ० अक ०९ दिसम्बर २००६

|| जैन भवन ||

ज्ञान से पदार्थों को जाना जाता है,
दर्शन से श्रद्धा होती है,
चारित्र से कर्मास्रव की रोक होती है,
और तप से शुद्धि होती है।

卐

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard Deoiled Cakes, Neem deoiled Powder, Groundnut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant:
Post Box No.5
Lucknow Road
Sitapur-2261001 (U.P.)
Ph : 242017/42397/
42073 (05862)
Gram - Sethia- Sitapur
Fax : 242790 (05862)

Registered Office:
143, Cotton Street
Kolkata - 700 007
Ph : 2238-4329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office:
2, India Exchange Place
Kolkata - 700 001
Ph : 22201001/9146/5055
Telex : 217149 SOIN IN
FAX : 22200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

वर्ष - ३० अंक - ०९, दिसम्बर २००६

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता – Editor : Titthayar, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Phone : 2268-2655, Website : www.info@jainbhawan.com

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें —
Secretary, Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Subscription for one year : Rs. 100.00, US$ 20.00,
for three years : Rs. 300.00, US$ 60.00,
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US$ 160.00

Published by Smt. Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007, Phone : 2268-2655
and Printed by her at Arunima Printing Works, 81, Simla Street
Kolkata - 700 007 Phone : 2241-1006

संपादन
डॉ. लता बोथरा,

॥ जैन भवन ॥

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	लेख	लेखक	पृ. सं.
१.	सुवर्णभूमि में कालकाचार्य	डॉ. उमाकान्त शाह	४२१
२.	योगशतक	डॉ. इन्दुकला हीराचन्द झवेरी	४२७
३.	सिंहल की राजकन्या (**सुदर्शना**)	आचार्यश्री विजयविशालसेनसूरिजी म. सा.	४३५
४.	रत्नों को मिला जिन मूर्ति का आकार		४४६

मूल्य - १०.०० रूपये

कवरपृष्ठ : गोपाचल पर्वत (ग्वालियर) में स्थित प्राचीन तीर्थंकर मूर्तियाँ

Composed by:
Jain Bhawan Computer Centre, P-25, Kalakar Street Kolkata - 700 007

सुवर्णभूमि में कालकाचार्य

डॉ. उमाकान्त शाह

गुणाढ्य की बृहत्कथा तो अप्राप्य है किन्तु उससे बने हुए बुधस्वामी लिखित बृहत्कथाश्लोकसङ्ग्रह में सानुदास की सुवर्णभूमि की यात्रा बताई गई है। कथासरित्सागर में सुवर्णद्वीप की यात्राओं के कई निर्देश हैं। कथाकोश में नागदत्त को सुवर्णद्वीप के राजा सुन्द ने बचाया ऐसी कथा है।[१]

बृहत्कथा के उपलब्ध रूपान्तरों में सबसे प्राचीन है संघदास वाचक कृत वसुदेवहिण्डि (रचनाकाल-ई० स० ३०० से ई० स० ५०० के बीच)। सार्थ के साथ उत्कल से ताम्रलिप्ति (वर्तमान तामलुक्) की ओर जाते हुए चारुदत्त को रास्ते में लुटेरों की भेंट होती है, लेकिन वह बच जाता है। सार्थ से उसे अलग होना पड़ता है और वह अकेला प्रियंगुपट्टण पहुँचता है जहाँ पहचानवाले व्यापारी की सहायता से वह नया माल लेकर तरी रास्ते व्यापार के लिये जाता है। चारुदत्त अपना वृत्तान्त देता है— पीछे . . . मैंने जहाज को सज्ज किया, उसमें माल भरा, खलासियों के साथ नौकर भी लिये . . . राज्यशासन का पट्टक (पासपोर्ट) भी लिया और चीनस्थान की ओर जहाज को चलाया . . . जलमार्ग होने से (चारों ओर) सारा जगत् जलमय सा प्रतीत होता था। फिर हमलोग **चीनस्थान** पहुँचे। वहाँ व्यापार करके मैं **सुवर्णद्वीप** गया। पूर्व और दक्षिण दिशा के पत्तनों के प्रवास के बाद कमलपुर (ख्मेर), यवद्वीप (जवद्वीप–जावा) और सिंहल (सिलोन–लंका) में और पश्चिम में बर्बर (झांझीबार?) और यवन (अलेकझांड्रिया)[२] में व्यापार कर, मैंने आठ कोटि धन पैदा किया . . . जहाज

---

१. यवन असल में आयोनिआ के लिए प्रयुक्त था। जिस समय वसुदेवहिण्डि और गुणाढ्य की बृहत्कथा रची गई उस समय यवन से अलेक्झाण्ड्रिया उद्दिष्ट होगा।

२. **कथासरित्सागर** (बम्बई-प्रकाशन), तरंग ५४, श्लो० ८६ से आगे, ९५ आगे; ५७, ७२ से आगे; पृ० २७६, २९७; तरंग, ८६, ३३, ६२; तरंग, १२३. ११०. कथाकोश (Tawney's Ed.) पृ० २८-२९.

में मैं सौराष्ट्र के किनारे जा रहा था तब किनारा मेरी दृष्टिमर्यादा में था उसी समय झंझावात हुआ और वह जहाज नष्ट हुआ। कुछ समय के बाद एक काष्ठफलक मेरे हाथ आ गया और (समुद्र के) तरंगों की परम्परा से फैंकाता हुआ मैं उस अवलम्बन से जी बचाकर सात रात्रियों के बाद आखिर **उम्बरावती-वेला** (वेला-खाड़ी) के किनारे पर डाला गया। इस तरह मैं समुद्र से बाहर आया।[१]

यह ब्यान महत्त्व का है। प्रियंगुपट्टण बंगाल की एक प्राचीन बन्दरगाह थी। वहाँ से चारुदत्त चीन और हिन्द एशिया का सफर करता है। चीन से सुवर्णद्वीप जाता है और पूर्व और दक्षिण के बन्दरगाहों, व्यापारकेन्द्रों में सौदा कर ख्मेर, वहाँ से यवद्वीप और फिर वहाँ से सिंहल को जाता है। इस तरह चीन और ख्मेर के बीच में सुवर्णद्वीप होना सम्भवित है।

वसुदेवहिण्डि की रचना बृहत्कल्पभाष्य से प्राचीन है।[२] वसुदेवहिण्डि अन्तर्गत चारुदत्त के बयान से प्रतीत होता है कि जैन ग्रन्थकार इन पूर्वीय देशों से सुपरिचित थे। बृहत्कल्पभाष्य-गाथा में सुवण्ण शब्द प्रयोग से ग्रन्थकार की अपनी सूत्रात्मक शैली का काम चल जाता है क्योंकि लिखने और पढ़नेवाले इसके मतलब से (सुवण्ण शब्द से सूचित सुवर्णभूमि अर्थ से) सुपरिचित थे। और उत्तराध्ययननिर्युक्ति तो स्पष्ट रूप से सुवर्णभूमि का निर्देश करती है।

सुवर्णभूमि के अगरु के बारे में कौटिल्य के निर्देश (अर्थशास्त्र, २, ११) का उल्लेख पहले किया गया है। मिलिन्दपण्ह भी समुद्रपार तक्कोल, चीन, सुवर्णभूमि के बन्दरगाहें, जहाँ जहाज ईकट्ठे होते हैं, का उल्लेख करता है।[३]

---

१. **वसुदेवहिण्डि,** भाग १, पृ० १३२-१४६.

२. आगम प्रभाकर मुनिश्री पुण्यविजयजी की प्रस्तावना, **बृहत्कल्पसूत्र,** विभाग ६.

३. **मिलिन्दपण्ह** (भाषान्तर), सेकेड बुक ऑफ ध इस्ट सिरीझ, वॉल्युम ३६, पृ० २६९–
– "As a ship-owner, who has become wealthy by constantly levying freight in some sea-port town, will be able to traverse the high-seas and go to . . . Takkola or Cina . . . or Suvarnabhumi or any other place where ships may congregate. . . ."
देखो, डॉ० सिल्वाँ लेवि, E'tudes Asiatiques, वॉ० २, पृ० १–५५, ४३१.

निद्देस में सुवर्णभूमि और दूसरे देशों की जहाजी मुसाफरी का निर्देश है। महाकर्म-विभंग में देशान्तर विपाक के उदाहरण में महाकोसली और ताम्रलिपि से सुवर्णभूमि की ओर जहाजी रास्ते से जानेवाले व्यापारियों को होती हुई आपत्तियों की बाते हैं। सिलोनी महावंश में थेर उत्तर और थेर सोण के सुवर्णभूमि में धर्मप्रचार का निर्देश है।[१]

ग्रीक लेटिन ग्रन्थकार भी सुवर्णभूमि, सुवर्णद्वीप का उल्लेख करते है। किसी (Chryse जिसका अर्थ सुवर्ण होता है) द्वीप का, पोम्पोनिअस मेल (ई० स० ४१-५४) अपने De Chorographia में उल्लेख करता है। प्लिनी, टॉलेमी वगैरह ग्रन्थकारों के बयानों में, और पेरिप्लस में भी, इसका उल्लेख है। टॉलेमी सिर्फ किसी-द्वीप के बजाय Chryse Chora (सुवर्णभूमि) और Chryse Chersonesus (सुवर्ण द्वीपकल्प) का निर्देश करता है।

अरबी ग्रन्थकारों के पिछले बयानों को यहाँ विस्तारभय से छोड़ देंगे। किन्तु इन सब साक्षियों की विस्तृत समीक्षा के बाद डाक्टर रमेशचन्द्र मजूमदार ने जो लिखा है वही देख लें। आप लिखते हैं—

"The periplus makes it certain that the territories beyond the Ganges were called Chryse. It does not give us any means to define the boundaries more precisely, beyond drawing our attention to the facts that the region consisted both or a part of mainland as well as an island, to the east of the Ganges, and that it was the last part of the inhabited world. To the north of this region it places "This" or China. In other words, Chryse, according to this authority, has the same connotation as the Trans-Gangetic India of Ptolemy, and would include Burma, Indo-China and Malaya Archipelago, or rather such portions of this vast region as were then known to the Indians. Ptolemy's Chryse Chersonesus undoubtedly indicates Malaya Peninsula, and its Chryse Chora must be a region to the north of it. Now we have definite evidence that a portion of Burma was known in later

---

१. **महाकर्म-विभंग,** डॉ० सिल्वाँ लेवि प्रकाशित, पृ० ५० से आगे देखो, **महावंश,** गाइगर प्रकाशित पृ० ८६ **सुवर्णद्वीप** (डॉ० रमेशचन्द्र मजुमदार कृत) विभाग १, पृ० ९-४०.

ages as Suvarnabhumi. According to Kalyani Inscriptions (Suvarnabhumi-ratta-samkhata Ramannadesa), Ramannadesa was called Suvarnabhumi which would then comprise the maritime region between Cape Negrais and the mouth of the Salvin ... There can also be hardly any doubt, in view of the statement of Arab and Chinese writers, and the inscription found in Sumatra itself, that the island was also known as Suvarnabhumi and Suvarnadvipa ... There are thus definite evidences that Burma, Malaya Peninsula and Sumatra had a common designation of Suvarnabhumi, and the name Suvarnadvipa was certainly applied to Sumatra and other islands of the Malaya Archipelago."[1]

इस तरह डॉ० मजुमदार के अन्वेषण से वर्मा, मलय द्वीपकल्प, सुमात्रा और मलय द्वीपसमूह से अभी पहचाने जाते प्रदेशों के लिएं सुवर्णभूमि शब्द प्रचलित था, और विशेष सुमात्रा और मलयसामुद्रधूनि (Malaya Archipelago) का द्वीपसमूह सुवर्णद्वीप कहा जाता था।

बृहत्कल्पसूत्र की भाष्य-गाथा में, और उत्तराध्ययननिर्युक्त में '**सुवण्ण**' शब्द है जिससे सुवर्ण भूमि या सुवर्णद्वीप दोनों अर्थ घटमान होते हैं। किन्तु चूर्णिकार और टीकाकार (मलयगिरि) जैसे बहुश्रुत विद्वानों ने अपने को प्राप्त आधारग्रन्थ और प्राचीन-परम्परागत ज्ञान के अनुसरण में '**सुवर्णभूमि**' अर्थ दिया है। इस लिये कालकाचार्य दक्षिण-बर्मा, उसके पूर्व के और दक्षिण के प्रदेशों में विचरे थे ऐसा अर्थ घटाना ठीक होगा। वहाँ से आगे वे कहाँ तक गये, और 'अज्ज कालग' ने शेष जीवन में क्या क्या किया,[2] कहाँ विहार किया इत्यादि बातें हमारे सामने उपस्थित न होने से यह खयाल करना कि अनाम (चम्पा) में कालाचार्य (कालकाचार्य) के जाने की परम्परा निराधार है या वह कालक-

---

१. डॉ० रमेशचन्द्र मजुमदार, **सुवर्णद्वीप,** भाग १, पृ० ४८.

२. आर्य कालक के शेष जीवन के बारे में अगर भाष्यकार और चूर्णिकार को कुछ और भी पता होगा किन्तु अपने विवरणात्मक ग्रन्थ में उन बातों का प्रसंग उपस्थित न होने से (अनौचित्य समझकर) वे कुछ आगे न लिख सके। दत्त वाली घटना के अन्त में कहावली-कार सिर्फ इतनी ही लिखते हैं ; कालयसूरि वि विहिणा कालं काऊण गओ देवलोगं। शायद कालक का शेष जीवन इन पूर्वीय प्रदेशों में गुजरा। इस विषय में निश्चयात्मक कुछ कहना शक्य नहीं।

पर की नहीं हो सकती यह शंका निरर्थक होगी। और जैसा आगे बताया है, अज्ज कालक के ब्राह्मणकुल में जन्म होने की जैन परम्परा, कालक को निमित्त और मन्त्रज्ञान होने की परम्परा, वटवृक्ष के नीचे रहने की पंचकल्पभाष्य की गवाही इत्यादि से कालक के अनाम जाने के अनुमान को पुष्टि मिलती है। उत्पलभट्ट की टीका की हस्तप्रतों में वंङकालक से यदि वङ्का से कालक के सम्बन्ध का निर्देश हो तब तो इसको और भी पुष्टि मिलती है।

कालक के व्यक्तित्व को ठीक समझा जाय तब प्रतीत होगा कि उनके लिए यह सब करना शक्य था। वहाँ से वे टोन्किन (दक्षिण चीन) गये यह अनाम (चम्पा) की उस परम्परा का कहना है। जो कालक सिन्धु के उस पार शकस्थान-शककूल-पारसकूल को गये सो कालक पूर्व में बंगाल से बर्मा होकर इन सब प्रदेशों में भी गये यह समझने में कोई असंगतिदोष नहीं रहता।

मगध से आगे जैनधर्म के क्रमशः विस्तार के इतिहास को बिना देखे यह वस्तुस्थिति सम्भवित न लगेगी। महावीर गये थे राढ़ में—पश्चिमी बंगाल में। वह प्रदेश अनार्यों से, असंस्कृत जनों से भरा पड़ा था। महावीर को वहाँ काफी उपसर्ग सहन करने पड़े। वे राढ़ या लाढ़-वासी लोग, जिनको हम primitive people कहते हैं, वैसे थे। पूर्वीय प्रदेशों में वर्मा, आसाम, सयाम, हिन्दी-चीन, मलाया इत्यादि देशों में नाग इत्यादि जाति की प्रागैतिहासिक असंस्कृत प्रजाओं में भारतीय संस्कृति ने जाकर अपने संस्कार फैलाये। यह तो चम्पा, कम्बोज (कम्बोड़िया) इत्यादि के इतिहास से सुप्रतीत है। प्राचीन काल में दक्षिण में जैसे अगत्स्य वगैरह ने यह कार्य किया, पूर्वीय प्रदेशों की ओर महावीर की नजर दौड़ी। सम्भव है कि वे बंगाल की पूर्वीय सीमा तक (शायद बर्मी सरहद तक) गये। राढ़ और उसके प्रदेशों में महावीर-विहार का विस्तृत बयान ग्रन्थों में उपलब्ध नहीं है।

महावीर के अनुगामी स्थविरों ने यह कार्य चालू रक्खा। तभी तो हम स्थविराली में ताम्रलिप्ति, कोटिवर्ष और पुण्ड्रवर्द्धन की शाखाओं के निर्देश पाते हैं। छेदसूत्रकार स्थविर आर्य भद्रबाहु (महावीर निर्वाण वर्ण १७०) नेपाल को गये थे यह भी इसी प्रवृत्ति का सूचक है। पञ्चकल्पभाष्य में गाथा है—'वंदामि भद्दबाहुं, पाईणं सयलसुयनाणिं'—इत्यादि। यहाँ 'पाईणं' का 'प्राचीन-गोत्रीय' ऐसा अर्थ पिछले ग्रन्थकारों ने बतलाया है और 'प्राचीनो जनपदः' ऐसा कहते

हैं[१]। पहारपुर (बंगाल) से उत्खनन में गुप्त कालीन ताम्रपत्र-दानपत्र मिला है जिस में पञ्चस्तूपान्वय (सम्भवतः मथुरा का) के जैनाचार्यों के वहाँ तक के विहार की साक्षी मिलती है।[२]

कम से कम गुप्तराजाओं के शासनकाल तक पूर्वीय भारत में जैन धर्म का प्रचार चालू रहा। फिर दूसरे किन्हीं राजकीय प्रवाहों के प्रभाव से जैन संघ का जमाव पश्चिम और दक्षिण भारत की ओर बढ़ता गया। पूर्व भारत में वर्तमान सराक (श्रावक) जाति के लोग प्राचीन श्रावक (जैन) थे ऐसा कहा जाता है।

इस तरह हम देखते है कि महावीर स्वामी के पश्चात् करीब पाँचसौ वर्ष में दूसरे सम्प्रदायों के साथ जैनों ने भी पूर्व में और उत्तरपूर्व में अपने सिद्धान्तों का प्रचार करने के प्रयत्न किये होंगे, और बंगाल में ई० स० की पाँचवीं शताब्दी तक जैनों के वह प्रयत्न चालू थे। अतः इससे भी पूर्व में बर्मा, अनाम इत्यादि में तथा सुवर्णभूमि से पहचाने जाते प्रदेशों में ऐसा प्रयत्न होने का अगर प्राचीन जैन ग्रन्थों का प्रमाण मिले तब वह असंगत और अशक्य नहीं लग सकता। कम से कम वर्मा, आसाम और नेपाल में जैनाचार्यों के जाने का अनुमान तो हरेक को ग्राह्य होगा। दक्षिण बर्मा से पैदल रास्ते से जैनाचार्य, आगे भी, सुवर्णभूमि से पहचाने जाते प्रदेशों में, जा सकते थे और गये होंगे।

आर्य कालक के समय के बारे में आगे विचार होगा। उनका समय, जैसा कि आगे देखेंगे, ई० स० पूर्व १९२ से १५१ या ई० स० पूर्व १३२ से ९१ के आसपास का है : उस समय में भारतीय व्यापारी इन प्रदेशों में जाते थे यह हम देख चुके हैं। डॉ० मजुमदार लिखते हैं—

"The view that the beginnings of Indian Colonisation in South-East Asia should be placed not later than the first century A.D. is also supported by the fact that trade relations between India and China, by way of sea, may be traced back to the second century B.C.[३] As the Chineses vessels did not proceed beyond Northern Annam till after the first century A.D., it may be pre-

---

१. इस विषय में देखिये, **बुलेटिन ऑफ थ प्रिन्स ऑफ वेल्स म्युझिअम,** वॉ० १ नं०१, पृ० ३०-४०.

२. **एपिग्राफिका इन्डिका,** वॉ० २०, पृ० ५९ से आगे; **हिस्टरी ऑफ बेन्गाल,** वॉ० १, पृ० ४१०.

३. **तोउंग पओ** (T'oung Pao), १३ (१९१२, पृ० ४५७-६१; इन्डियन हिस्टॉरिकल क्वार्टर्ली, १४, पृ० ३८०

sumed that the Indian vessels plied at least as far as Annam even in the second century B.C. A the vessels in those days kept close to the coast, we may conclude that even in the second century B.C. Indian mariners and merchants must have been quite familiar with those regions in Indo-China, and Malaya Archipelago, where we find Indian colonies at a later date."[1]

मगर जैनाचार्यों की जहाजी सफर का, समुद्रयान का, अनुमान करना मुश्किल है। किन्तु वे खुश्की रास्ते से जा सकते थे। इसमें भी बड़ी-बड़ी नदियाँ तो आती ही हैं। बड़ी-बड़ी नदियों के पार करने में जैन श्रमण नाव में बैठ सकते हैं। इस विषय की विस्तृत चर्चा बृहत्कल्पसूत्र, उद्देश ४ सूत्र ३२ से आगे, और इन सूत्रों की भाष्यगाथाओं (गाथा ५६२०) में मिलती है। गंगा या शोण (और सिन्धु, नर्मदा) जैसी भारतीय बड़ी नदियाँ पार करने वाले जैनाचार्यों ने ब्रह्मपुत्रा, ईरावदी जैसी नदियाँ भी नाव में पार की होगी। इसमें कोई प्रतिबंध नहीं है। किनारा सामने नजर मैं आ सके ऐसे जलमार्ग में नाम का उपयोग हो सकता है। बड़ी-बड़ी ऐसी नदियों के रास्ते में भी ऐसी कई जगह (या पहाड़ी दून प्रदेश) होती हैं जहाँ जल खूब गहरा होता है लेकिन सामनेवाला किनारा नजरों से दूर नहीं होता। और इन्हीं नदियों में ऐसे भी जलमार्ग होते हैं जहाँ पाँव ऊपर उठाकर चलकर भी उनको पार कर सकते हैं जैसी कि बृहत्कल्पसूत्रकार एगं पायं जले किच्चा एगं पायं थले किच्चा इत्यादि शब्दों में अनुज्ञा देते हैं। इस तरह अगर खुश्की रास्ते से, बीच में आनेवाली नदियों को नाव में बैठकर या चलकर पार करके, दक्षिण वर्मा, चम्पा, मलाया इत्यादि प्रदेशों में जाना शक्य होता था तब अज्ज कालग, सागर श्रमण और दूसरे जैन श्रमणों का सुवर्णभूमि-गमन धर्मविरुद्ध, शास्त्रविरुद्ध नहीं था।

क्रमशः

---

१. अ. डॉ० आर० सी० मजुमदार, **ऐन्शिअन्ट इण्डिया कॉलनायझेशन इन साउथ-ईष्ट एशिया** (१९५५), पृ० १३.

योगशतक

प्रस्तावना— डॉ. इन्दुकला हीराचन्द झवेरी

चरमावर्त में विद्यमान योगाधिकारियों का अपुनर्बन्धक, सम्यग्दृष्टि आदि में वर्गीकरण तथा प्रत्येक के लक्षण योगबिन्दु (श्लो० १७७-८, २५३, ३५३) की भाँति ही गाथा ९ तथा १३-१६ में दिये गये हैं और उस-उस अधिकारी को दिये जानेवाले उपदेश के विषयों की जो तालिका प्रस्तुत गाथा ३० से ३५ में की गई है उसमें उनके अनुष्ठान का सामान्य कथन आ जाता है। योगबिन्दु की तरह अनुष्ठान के विष, गर आदि प्रकारों की तथा प्रत्येक अधिकारी के अनुष्ठान की ब्यौरे से चर्चा यद्यपि नहीं की गई है, फिर भी सामान्य रूप से इतना सूचित किया है कि प्रत्येक का अनुष्ठान अपनी-अपनी भूमिका के अनुरूप योग ही है, क्योंकि उसमें अपध्यान अर्थात् दुर्ध्यानका प्रायः अभाव होता है तथा सर्वदर्शनसम्मत योग के लक्षण उसमें घटते हैं। (गाथा २१-२)।

प्राप्त भूमिका से ऊपर की भूमिका पर यदि चढ़ना हो तो साधक क्या करे यह दिखलाने के लिए आ० हरिभद्र कतिपय सर्वसाधारण नियम तथा अमुक बाह्य एवं अभ्यन्तर उपाय गाथा ३८ से ५० में कहते हैं। जैसे कि, अपने स्वभाव के आलोचन से, लोगों में अपने बारे में फैली हुई बातों के ज्ञान से तथा शुद्ध योग के व्यापार से प्रवृत्ति के औचित्य-अनौचित्य का विवेक करना, अपने से अधिक गुणवाले के साथ निवास करना और उत्तरगुणों के बहुमान, संसारस्वरूप व राग-द्वेष दोषों के चिन्तन जैसे अन्तरंग उपायों का तथा भयादिरूप अकुशल कर्म आदि के निवारण के लिए गुरुशरण, तप आदि सरीखे बाह्य उपायों का आश्रय लेना। इनमें से निजस्वभावालोचन, जनवाद आदि जैसे कई उपायों का योगबिन्दुगत अध्यात्मनिरूपण में निर्देश है[१]। योगसाधना के इन नियमों का अवलम्बन विकसित भूमिका में विद्यमान साधक को लेने का है, नौसीखिए के लिए तो

---

१. देखो योगबिन्दु श्लोक ३८९ से।

श्रुतपाठ, तीर्थसेवन जैसे स्थूल उपायों का आश्रय पहले लेने को कहा है। (गाथा ५१-२) शास्त्र के अर्थ का ज्ञान होने के पश्चात् वह राग, द्वेष, मोह जैसे अन्तरंग दोषों को लक्ष में रखकर आत्मनिरीक्षण करे ऐसा सूचित किया है। इसके अतिरिक्त चित्तस्थैर्य साधने के लिए रागादि दोषों के विषय और परिणामों का एकान्त में किस तरह चिन्तन करना इसका विस्तृत वर्णन गाथा ५९ से ८० में दिया गया है। चिन्तन की इतनी बातों का निरूपण करने के पश्चात् ग्रन्थकार ने उस सद्विचार के अनुरूप साधक की आहार आदि चर्या कैसी होनी चाहिए इसका संक्षिप्त निरूपण किया है, जिसमें मुक्यतया सर्वसम्पत्करी भिक्षा का स्वरूप सविशेष स्पष्ट किया गया है। (गाथा ८१-२)

इस प्रकार चिन्तन एवं आचरण करते-करते साधक अशुभ कर्मों का क्षय करता है और सानुबन्ध अर्थात् उत्तरोत्तर फलदायी शुभ कर्मों को बाँधकर क्रमशः मुक्ति प्राप्त करता है। (गाथा ८३-५)

योगवंशिका—

इस ग्रन्थ में योगवस्तु का बहुत ही संक्षेप में निरूपण किया गया है। इसमें आध्यात्मिक विकास की प्रारंभिक अवस्था का वर्णन नहीं है, पर बाद की विकसित अवस्थाओं का ही निरूपण है। योग के मुख्य अधिकारी रूप से चारित्री का निर्देश करके उसके आवश्यक धर्मव्यापार को योग कहा है और योग से भी प्रस्तुत में स्थान, ऊर्ण, अर्थ, आलंबन और अनालंबन जैसे पाँच योगभेद अथवा भूमिकाएँ अभिप्रेत हैं। (गाथा २) इनमें से आलंबन एवं अनालंबन इन दोनों का ही अर्थ मूल (गाथा १९) में है, परन्तु उपा० यशोविजयजी ने टीका में पाँचों का अर्थ किया है[१]। इन पाँच भेदों में से पहले दो का कर्मयोग रूपसे तथा

---

१. कायोत्सर्ग, पर्यंकासन, पद्मासन आदि आसन स्थान कहलाते हैं। (२) प्रत्येक क्रिया आदि के समय जो सूत्र बोले जाते हैं उन्हें ऊर्ण अर्थात् वर्ण या शब्द कहते हैं। (३) सूत्रार्थ का ज्ञान अर्थ है। (४) बाह्य प्रतिमा आदि विषयों का ध्यान आलम्बनयोग है। (५) रूपी द्रव्य के आलम्बन के बिना शुद्ध चैतन्यमात्र की समाधि अनालम्बन योग है। षोडशक (१३-४) में भी इन पाँचों भेदों का निर्देश है तथा १४.१ में आलम्बन निरालम्बन का स्पष्टीकरण किया है।

बाद के तीन का ज्ञानयोगरूप से निर्देश किया है[1]। इसके अतिरिक्त स्थान आदि पाँचों के इच्छा, प्रवृत्ति, स्थैर्य एवं सिद्धि जैसे चार-चार विभाग करके प्रत्येक के स्वरूप तथा कार्य दिखलाये गये हैं[2]। (गाथा ४-८)

स्थान आदि उक्त पाँच भेदों को जैनपरम्पराप्रसिद्ध चैत्यवन्दनक्रिया में घटाते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि जो साधक अर्थ एवं आलम्बनयुक्त है उसकी चैत्यवन्दनक्रिया साक्षात् मोक्षफल देनेवाली होती है, जब कि स्थान एवं ऊर्ण योगवाले को वह क्रिया परम्परा से मोक्ष प्राप्त कराने वाली है और सब प्रकार के योग से शून्य व्यक्ति की वह क्रिया तो केवल वाचिक चेष्टा ही बनती है। अतएव वह चैत्यवन्दन का अनाधिकारी है। इसके बाद सद्नुष्ठान के प्रीति, भक्ति, वचन एवं असंग[3] ये चार भेद करके ग्रन्थकार अन्त में आलम्बन व अनालम्बन योग का स्वरूप संक्षेप में समझाते हैं।

ऊपर दिये गये आ० हरिभद्र के योगग्रन्थों के संक्षिप्त परिचय पर से यह तो ख्याल आ सकेगा कि उन्होंने सबमें मुख्यतया चार मुद्दों का समावेश किया है। वे चार मुद्दे हैं : (१) योग का अधिकारी तथा अनाधिकारी कौन? (२) योगाधिकार प्राप्त करने के लिए पहले जो तैयारी करनी पड़ती है उसका स्वरूप। (३) योग्यतानुसार अधिकारियों का भिन्न-भिन्न रूप से वर्गीकरण तथा उनके स्वरूप और अनुष्ठान का निरूपण। (४)योगसाधना के उपाय अथवा योगभेद।

---

१. उपा० यशोविजयजी कर्मयोग एवं ज्ञानयोग को इस प्रकार समझाते हैं :- स्थान तो क्रियारूप ही है तथा ऊर्ण भी उच्चारणरूप एक क्रिया ही है। अर्थ आदि अन्तिम तीन तो साक्षात् ज्ञानरूप ही हैं, जो उपर्युक्त व्याख्या परसे स्पष्ट है। इसके अलावा उपा० यशोविजयजी (गाथा ३) टीका में योगबिन्दुगत अध्यात्म समावेश स्थान योग में, जपरूप अध्यात्म का समावेश ऊर्ण में तथा तत्त्वचिन्तनरूप अध्यात्म का समावेश अर्थयोग में होता है। भावना का भी समावेश स्थान, ऊर्ण एवं अर्थ में समझना चाहिए। ध्यान का समावेश आलम्बन योग में और समता तथा वृत्तिसंक्षय का समावेश अनालम्बनयोग में होता है।

२. इच्छा आदि की व्याख्या के लिए देखो योगदृष्टिसमुच्चय श्लोक २१५ से २१८ और डॉ० भगवानदासकृत गुजराती विवेचन पृ० ७१६-३१।

३. इन चारों की व्याख्या के लिए देखो षोडशक १०.२-८।

इनमें से पहला मुद्दा योगबिन्दु, योगदृष्टिसमुच्चय और योगशतक में एक जैसा आता है। फर्क इतना ही है कि योगदृष्टिसमुच्चय में अचरमावर्तकालीन अवस्था को ओघदृष्टि और चरमावर्तकालीन अवस्था को योगदृष्टि कहा है। योग विंशिका का निरूपण तो देशविरत से ही शुरू होता है।

दूसरे मुद्दे की चर्चा योगबन्दु में पूर्वसेवारूप से, योगदृष्टि समुच्चय में योग बीजरूप से और योगशतक में लौकिकधर्मरूप से की गई है। योगविंशिका में विकसित दशा का ही वर्णन होने से उसमें पूर्वसेवा को अवकाश ही नहीं है। पूर्व सेवा शब्द का प्रयोग तथा उसमें किया गया देव, गुरु इत्यादि के पूजन आदि विषयों का समावेश–ये दोनों बातें जैन परंपरा में आ० हरिभद्र की ही देन हैं।

तीसरे मुद्दे में योगाधिकारियों के भिन्न-भिन्न वर्गीकरणों का समावेश होता है। योगबिन्दु, योगशतक और योगविंशिका में आनेवाला अपुनर्बन्धक आदि का वर्गीकरण एक ही प्रकार का है, जो पहले से जैन परंपरा में चला आता है, परन्तु योगदृष्टि समुच्चयगत तीनों वर्गीकरण (१. आठ दृष्टि, २. इच्छा-शास्त्र सामर्थ्ययोग, ३. गोत्र, कुल आदि योगी) और उनकी परिभाषा की संघटना तो आ० हरिभद्र ने ही सर्वप्रथम की है। इसी प्रकार विष, गर, आदि अनुष्ठान के भेद (योगबिन्दु) तथा प्रीति, भक्ति आदि सदनुष्ठान के भेद (योगविंशिका तथा षोडशक) भी आचार्य हरिभद्र के अपने हैं।

चौथे मुद्दे के बारे में भी हमें नये वर्गीकरण और नई परिभाषा आ० हरिभद्र के ग्रंथों में से मिलती हैं। योगबिन्दुगत अध्यात्म, भावना आदि योगभेदों का और योगविंशिकागत स्थान, ऊर्ण आदि योगभेदों का वर्गीकरण सबसे पहले आ० हरिभद्र ने ही किया है।

इस पर से देखा जा सकता है कि आ० हरिभद्र ने परंपरागत परिभाषा का उपयोग यथाशक्य कम करके योगमार्ग के अनुरूप सर्वसाधारण नई परिभाषा में जैन परम्परा में प्रसिद्ध आध्यात्मिक विकासक्रम का योगरूप से निरूपण करने में सर्वप्रथम आरम्भ किया है। उनकी यह विशेषता तो है ही, पर इससें भी अधिक ध्यान आकर्षित करे ऐसी उनकी विशेषता अथवा मौलिकता तो दर्शनान्तरों में वर्णित योगविषयक सिद्धान्त तथा परिभाषा की जैन सिद्धान्त एवं परिभाषा के

साथ जो तुलना की है और समन्वयवृत्ति दिखलाई है उसमें दृष्टिगोचर होती है। इसका कुछ ख्याल नीचे के उदाहरणों पर से आ सकेगा।

दर्शनान्तरों के साथ तुलना —

योगबिन्दु में योग के अधिकार-अनधिकार की चर्चा के अवसर पर सांख्याचार्य गोपेन्द्र के कथन के साथ संवाद साधते हुए आ० हरिभद्र कहते हैं कि सांख्ययोग परम्परा में निवृत्ताधिकार-प्रकृति से जो बात सूचित होती है वही बात जैन परंपरा में चरमपुद्गलपरावर्त शब्द से सूचित होती है और अनिवृत्ताधिकारप्रकृति शब्द से जो सूचित होती है वही अचरमावर्त शब्द से (योगबन्दु श्लोक १०१-३) कही गई है।

इसी प्रकार जैन सम्मत सम्यग्दृष्टि की भूमिका की बौद्धसम्मत बोधिसत्त्व की भूमिका के साथ तुलना करके दोनों में कितनी समानता है यह दिखलाते हुए आ० हरिभद्र कहते हैं कि ग्रन्थिभेद की भूमिका पर पहुँचे हुए साधक का परिणाम इस कक्षा का होता है कि वह अपनी स्थिति से कभी च्युत भी हो तो अल्पकाल के लिए ही च्युत होगा। उसका अनुष्ठान बाहर से मिथ्यादृष्टि के जैसा भासित होने पर भी अपने परिणाम भेद के कारण वह कभी भी महाबन्ध नहीं करता। (योगबिन्दु २६७-९) बौद्धसम्मत बोधिसत्त्व भी शायद कायपाती अर्थात् शारीरिक दोषयुक्त बने, तो भी चित्तपाती तो कभी नहीं बनता। (२७१) साथ ही वे दोनों परोपकारी, उचित मार्गगामी और गुणरागी होते हैं। (२७२) इसके अतिरिक्त दोनों के व्युत्पत्त्यर्थ में भी समानता है, क्योंकि सम्यग्दर्शन ही बोधि है और वह बोधि जिस सत्त्व अर्थात् जीव में प्रधान रूप से है वह बोधि सत्त्व। (२७३) दोनों में ऊह—संकल्प भी समान प्रकार का होता है; जैसे कि, मैं उत्तम बोधि से युक्त होकर मोहान्धकार में डूबे हुए जीवों को मुक्त करने का यथा शक्ति प्रयत्न करूँगा। (२८५-६)।

ईश्वरवाद और भवकारण की चर्चा के समय आ० हरिभद्र अपने कथन का समर्थन योगाचार्य कालातीत का मत उद्घृत करके करते हैं। कालातीत ने जिस प्रकार शब्दभेद को पारकर वस्तुतत्त्व को एकरूप से देखने का प्रयत्न किया उसे उनके ही शब्दों में आ० हरिभद्र इस प्रकार रखते हैं :- "जो ऐश्वर्ययुक्त है वही हमारे मन ईश्वर है, फिर भले ही वह मुक्त, बुद्ध अथवा अर्हत् के नाम से पहचाना जाता हो। मुक्त आदि तो केवल शब्द के भेद हैं।

उसमें अनादि सादि जैसे भेद तत्तंत् दर्शन में माने गये हैं वे सब सर्वथा निरर्थक हैं, क्योंकि एक तो स्थूलदर्शी व्यक्ति तत्त्व ही नहीं जानता और दूसरी बात यह है कि अनुमान का विषय सामान्य होता है अर्थात् अनुमान वस्तु का सामान्य स्वरूप ही जताता है, विशेष नहीं। अतः विशेषस्वरूप के बारे में एक दूसरे के अनुमान अनुमानाभास ही बनते हैं। तीसरी बात यह है कि चाहे जैसी मान्यता हो, पर परिणाम की उज्ज्वलता हो तो क्लेशक्षयरूप फल एक जैसा ही आता है। यही बात भवकारण के बारे में भी कही जा सकती है। अविद्या, क्लेश, कर्म, वासना, पाश आदि तो उस-उस दर्शन में सम्मत भवकारण के भिन्न-भिन्न नाममात्र ही हैं। उनमें मूर्तत्व, अमूर्तत्व जैसे नानाविध उपाधि भेद कल्पित किये गये हैं वे भी उक्त कारणों से अकिंचित्कर ही हैं।" इस प्रकार कालातीत का मत उद्घृत करके आ० हरिभद्र कहते हैं कि केवल शब्द भेद से चिपके कहना तो कुटिल अर्थात् कुचितिकाग्रहका परिणाम है। सच्चा विचारक तात्पर्य को ही ग्रहण करता है। (योगबिन्दु ३०२-९)।

आ० हरिभद्र ने गुरुसेवा आदि का पूर्वसेवा और योगबीज रूप से जो व्यापक समन्वय किया है वह खास तौर पर उल्लेखनीय है। वह कहते हैं कि अध्यात्ममार्गपर यदि आगे बढ़ना हो तो उसकी तैयारी की दृष्टि से व्यक्ति का मानस इतना अधिक खिलना चाहिए कि वह गुरुवर्ग में केवल धर्मगुरु को ही गुरु न माने पर सब बुजुर्गों को गुरु समझकर उनका आदर-सत्कार करे। वह ऐसे बुजुर्गों अर्थात् गुरुजनों में माता-पिता, कलाचार्य, ज्ञातिजन, विप्र, वृद्ध आदि का समावेश करते हैं। (योगबिन्दु ११०) इसी प्रकार देवपूजन के बारे में भी आध्यात्मिक व्यक्ति, किसी एक विशिष्ट देव में भले ही विशेष श्रद्धा रखता हो, फिर भी सभी देवों का समभाव से आदर करें। (योगबिन्दु ११७-८) आगे जाकर जब वह तप के विषय में कहते हैं तब स्मृतिग्रन्थों में प्रसिद्ध कृच्छ्र, चान्द्रायण आदि तपों का निर्देश करके उनके आचरण का सूचन करते हैं। (योगबिन्दु १३१-५) इसी प्रकार उन्होंने अध्यात्म आदि पाँच योगभेदों में से प्रथम अध्यात्मयोग का विशेष निरूपण इनती विशाल दृष्टि से किया है कि उसमें अधिकार एवं रुचिभेद के कारण भिन्न-भिन्न परम्पराओं में प्रचलित ऊँची-नीची साधनप्रणालियों का समावेश हो जाता है। उदाहरणार्थ अध्यात्म के प्रकारों में उन्होंने प्राथमिक अधिकारी की दृष्टि से पातंजल योगशास्त्र में प्रसिद्ध

जपका तथा ऊपर के अधिकारी की दृष्टि से औचित्यालोचन, आत्मसंप्रेक्षण और मैत्री आदि भावनाओं का उल्लेख किया है। (३८१ से ४०४)।

सर्वज्ञत्व एवं अन्तिम लक्ष्य मोक्ष के विषय में दीर्घकाल से दार्शनिक क्षेत्र में प्रचलित बादविवाद को ध्यान में रखकर आ० हरिभद्र ने उसकी तलस्पर्शी चर्चा की है और इसका हार्द मन में बराबर पैठ जाय इस तरह से बताने का योगदृष्टि समुच्चय में प्रयत्न किया है। उसका सार यही है कि सामान्य सर्वज्ञत्व तो सबको मान्य ही है। जो कुछ मतभेद है वह उसके विशेष स्वरूप के विषय में है। और विशेष तो अतीन्द्रिय होने से छद्मस्थल के लिए तो गोचर ही नहीं है। सर्वज्ञ माने जाने वाले पुरुषों का उपदेश जो भिन्न-भिन्न सा भासित होता है उसमें तो अनेक कारण ही सकते हैं। एक तो शिष्य के कल्याण के लिए शिष्यों की योग्यता के अनुसार जुदा-जुदा उपदेश संभव हो सकता है अथवा तो एक ही उपदेश श्रोताओं के भेद से भिन्न-भिन्न भासित हो सकता है, अथवा ऐसी भी हो सकता है कि देश एवं काल आदि के भेद से भिन्न-भिन्न उपदेश दिया गया हो। इससे सर्वज्ञों का अभिप्राय जाने बिना उसका प्रतिवाद करना ठीक नहीं है और यदि केवल हेतुवाद अर्थात् तर्कवाद से ऐसी अतीन्द्रिय बातों का निर्णय हो सकता तो अबतक कभी का प्राज्ञपुरुषों ने इस विषय में निर्णय कर लिया होता। अतएव ऐसे विषय में शुष्क तर्क त्याज्य है। (योगदृष्टि समुच्चय श्लो० १०३-९ और १३४-४७)

योगशतक में भी आ० हरिभद्र ने दो जगह समन्वय करने का प्रयत्न किया है। एक तो भिन्न-भिन्न दर्शनसम्मत योग की व्याख्या किस प्रकार एक ही वस्तु की द्योतक है यह उन्होंने गा. २२ में दिखलाया है और अन्त में जैन सम्मत कायिक क्रिया और भावक्रिया के बीच का अन्तर बौद्ध परम्परा के वैसे विचार के साथ किस तरह मिलता है यह उन्होंने गाथा ८६-८ में दिखलाया है। ये दोनों बातें हमने उस गाथा के विवेचन में स्पष्ट की हैं।

क्रमशः

सिंहल की राजकन्या

सुदर्शना

आचार्यश्री विजयविशालसेनसूरिजी म. सा.

उन्होंने कैसी ज्ञान की बातें कहीं। कैसी मधुर और कल्याणी उनकी वाणी थी और मुझे उन पर श्रद्धा भी कैसी हुई कि उनकी बात को मैंने अपनी बात मानी! कितना उम्दा नतीजा निकला कि मुझे मंत्रों का महाराजा नवकार महामंत्र मिला। नियम मिले। मैं निर्भय हो गयी। एक बेसहारे को कैसा मजबूत आसरा मिल गया? अरे! देखो तो सही मैं समर्थ सिंहलेश्वर की गौरवशाली राजकन्या बनी! हाँ, हाँ सूगली, गंदी चील मुरदों को नोंच-नोंचकर खाने वाली चीज सिंहल के राज परिवार की प्यारी-दुलारी चहेती राजकुमारी बन गयी। जन्म लेते ही रूप सौभाग्य ऐश्वर्य, सूझ, समझ। गुण का वैभव, महंगी से महंगी चीझ भी सुलभ और सारी सुविधा उपलब्ध हुई। कितने अच्छे मां-बाप एवं कैसे अद्‌भुत सात-सात भाई! क्या मिल गया? कुछ भी तो नहीं था–हां कफन भी तो नहीं था पास में।

हां, इस हरे भरे और ऊंचे परिवार में सब कुछ था पर एक धर्म नहीं था तो वह भी यहां घर बैठे ही मुझे मिल गया। अब तो मैं निहाल हो गई। मेरे तो भाग्य खुल गये भगवंत! भाग्य खुल गये। मगर मैं सोचती हूं ! यह सब कितना विचित्र है? कैसे यह सब हुआ? मुझे बड़ी इंतजारी है यह सब जानने की कि कौन सी शुभ-अशुभ करणी मैंने की और यह सारी घटना दुर्घटना यों घटित हुई।

आप ज्ञानी कृपालु के बिना तो कौन बता सकता है मेरी अपनी बीती कल? आपके पधारते ही मुझे विश्वास हो गया कि मेरा अज्ञान गया और काम हो गया। तो कृपा करिये ना! मेरे अपराध और मेरी उपासना अवश्य इसमें जड़ी-पड़ी होगी।

हाँ, सुदर्शना! तुम सही कहती हो। बिना बीज के फल नहीं, त्यों ही बिना कारण के कार्य होता नहीं। ये जो शुभ-अशुभ फल हम भुगतते हैं उसमें हमारी शुभ-अशुभ चेष्टा, भावना और भाषा कारण है। बड़ा लम्बा है ये जन्म-मरण का विषचक्र! चील के पूर्व के भव में तूने जो किया था वह चील के भव में भोगा और चील के भव में जो बोया वह यहां पाया। कभी कभी बीज तो छोटे होते हैं किन्तु फल बहुत ज्यादा और बड़े भी लगते हैं।

'हाँ? चील के भी पूर्व भव में ?'

'हाँ, राजकुमारी। चील बनने का रहस्य उस भव में छिपा है।'

'क्या थी मैं तब प्रभो !'

'सुनो, हम सुनाएं !'

वैताढ्य पर्वत की दक्षिण श्रेणी की राजधानी गगनवल्लभ नगर में अमितगति विद्याधर राजा राज्य करते थे। वे जैसे प्रतापी थे वैसे ही प्रभावशाली व सज्जन थे। उनके जयसुन्दरी नाम की सुशील गुणवती महारानी एवं संतान में विजया नाम की एकमात्र मनोहर पुत्री थी।

गुण कला और विद्यावती विजया युवा होने पर विशेष सुन्दर और सुपात्र प्रतीत होने लगी।

उसे सभी प्रकार की सुविधा तो थी ही, इकलौती पुत्री होने की वजह से वह माता पिता को जितनी लाड़ली थी उतनी ही स्वयं के रूप सौभाग्य गुण व्यवहार के कारण दूसरों को भी अति दुलारी थी। विद्याधर पुत्री होने के कारण उसके पास आकाश गामिनी वगैरह विद्याएं भी थीं जो उसने स्वयं ने सिद्ध की थीं।

वह स्वभाव से सालस, सरल, उदार और कुतूहली भी थी। समानवय वाली अच्छे घर की लड़कियां उसकी सहेलियां थीं।

सुविधा के साथ फुरसत भी काफी थी अतः सखियों के साथ आमोद-प्रमोद, क्रीड़ा-विनोद और सैर-सफल में उसका समय आनन्द से बीतता था।

स्त्री सुलभ स्वभाव व उम्र के मुताबिक विशेषताएं होना स्वाभाविक ही था।

एक बार वह अपनी सहेलियों के साथ सुरम्य नगर जाने को नगरी से बाहर निकली ही थी कि एक काला सर्प दायें से बायें उतर गया। सहेलियों ने कहा यह तो बड़ा भारी अपशुकन हुआ अब हम आगे नहीं जा सकते।

सज-धज कर तैयार हो कितने उमंग से कैसे अच्छे मौके पर हम जा रहे थे और यह कमबख्त सर्प आड़ा उतर कर मजे में चला जा रहा है। गुस्से में राजकुमारी कांपने और आंखों से आग बरसाने लगी। उत्तेजित हो उसने धनुष्य पर बाण चढ़ाया और सर्प को मौत के घाट उतार दिया।

एक अच्छे और धार्मिक परिवार में पैदा होने पर भी सारी सुख सुविधायें उपलब्ध होते हुए भी विजया में धार्मिक संस्कार न होने के कारण ही वह हिंसादी के ऐसे कार्य कर लेती थी।

श्रावक के कुल में जन्म लेने पर भी जिसमें श्रावक के संस्कार नहीं आते हैं ऐसी संतानों की अन्य कुल की लायी हुई संतान से तुलना की जा सकती है।

वे माँ-बाप धन्य हैं जो अपने संतानों को बाल्यकाल से ही उत्तम संस्कार देते हैं। बचपन से ही उन्हें अच्छे कार्यों की प्रेरणा और बुराई से बचने की शिक्षा देते हैं। श्रावकों के संतानों की आत्मा तो ऊंची है ही मात्र उन्हें अच्छे संयोग देने भर की देर है।

जीव को बड़े पुराने संस्कार हैं कि आनन्द मनोरंजन के लिए कहीं दूर जाना पड़े तो भी जाना, समय और पैसा खरचना पड़े तो मौज से खरचना किन्तु मुफ्त में और बिना तकलीफ के शांति मिलती हो तो भी पाने की कोशिश नहीं करना।

जिस दिन शांति के मूल्य समझ में आते हैं उस दिन सारे कौतुक कूतुहल बाल चेष्टा बनकर रह जाते हैं। मनुष्य को शांति का खजाना हाथ लगता है। किन्तु यह सब रास्ते चलते नहीं हो जाता। जीव को प्रथम तो अच्छे संयोग मिलें–वह उसे टाल न देवे। टाले तो भी, टाल न पाये और कोई शुभ संयोग के प्रभाव में आवे, उससे ज्ञान, विवेक जगे तो कही सारी दुनिया के कोलाहल अशांति के बीच भी शांति मिल जाय।

शांति पानी में प्रतिबिम्ब की भांति जब मनुष्य का मन परमात्मा के चरण में--दर्शन में लीन-स्थिर बनता है तो उसे स्वयं की झांकी मिलती है। और तब उसकी दृष्टि ही बदल जाती है। हमारी गति हमारी तरफ हो जाती है। हम हम तक पहुँच जाते हैं। स्वयं से अधिक कुछ भी महत्त्वपूर्ण नहीं है।

किन्तु बेचारी भोली विजया यह सब क्या जाने ?

उसने सब कुछ जाना था मगर जानने वाले से ही अज्ञान थी।

आज वह सहलगाह को जानी थी। श्रृंगारकर वह तैयार हो रही थीं। सहेलियां आ चुकी थी। हास्य विनोद के फव्वारे उड़ रहे थे। मानो महल में बहार आ गई थी।

महाराजा अमितगति ने प्रभात काल में ही रानीजी को कहा ;

महारानी ! कल ही रत्नसंचया नगरी के नरेश सुवेग राजा का आमंत्रण आया है, मैं तो कल कहना ही भूल गया !

आमंत्रण ! काहे का आमंत्रण ?

बड़ा बढ़िया और मजेका। वे स्वयं के जिनालय में श्री शांति प्रभू की बड़ी पूजा रचा रहे हैं, वार्षिक तिथि के अवसर पर। राजपरिवार, स्वजन वर्ग एवं धर्मीजनों को उन्होंने भाव भरा आमंत्रण भेजा है।

अच्छा बहुत बढ़िया, तो हमें भी जाना होगा ?

हां, जरूर। ऐसे अवसर जल्दी नहीं आते ? चलो तैयार हो जाओ, जरा जल्दी करना। अरे हां, विजया कहां है ? अरी, विजया !

हाँ, बापू ! मैं यहां हूँ, देखिये ना। यह हार कैसा लग रहा है ? आज हम लोग उपवन में जा रहे हैं। ऐसा लुभावना है कि . . . ।

विजया बेटी ! हमें रत्नसञ्चया जाना है।

वहाँ के नरेश ने श्री शांतिनाथ भगवान की महापूजा रचाई है बेटी। बड़े प्रेम और आग्रह से निमंत्रण भेजा है। हमें जल्दी पहुँचना चाहिये।

पिताजी !

हाँ, बैटी !

देखिये ना ये मेरी सहेलियां कब की आकर बैठी हैं। हम उपवन जायें . . .।

नहीं बेटी, ये तो फिर भी हो सकता है, पूजा के अवसर जब चाहें तब तो नहीं आते। तुम और तुम्हारी सहेलियां समझदार है। आज तो हम सबको पूजा में जाना ही है। इन कार्यों में दूसरा विकल्प होना ही नहीं चाहिये। बेटी धर्म के

कार्यों को कभी भी टालना नहीं चाहिये। यदि हमने आज टाला तो कल भी टालेंगे और टालते ही चले जायेंगे।

विजया की इच्छा तो नहीं थी किन्तु पूजा के आमंत्रण एवं पिता के वचन को वह टाल नहीं सकी।

उत्तम कुल में उत्पन्न होने वालों को कितने ही गुण सहजता से प्राप्त होते हैं, उसमें एक गुण है दाक्षिण्यता। दाक्षिण्यता के ही कारण अनिच्छा से भी धर्म कार्य-उत्तम करणी हो जाती है जो महत्त्व का कार्य कर जाती है।

उसने अपनी सखियों को समझाकर रवाना किया। वह समय पर माता के साथ रत्नसंचया नगरी के श्रृंगार श्री शांतिनाथ प्रभु के दरबार में मंदिरजी में आयी। पूजा प्रारम्भ हो चुकी थी।

अति उत्तुंग और भव्य जिनालय में बिराजमान श्री शांतिप्रभु सुशांत और आह्लादक प्रभा और प्रतिभा फैला रहे थे। वहां आने वाले मानो प्रभु में खो जाते थे। प्रभु के हो जाते थे।

विजया प्रथम तो बेमरजी से फिर कुछ कौतुक कूतुहल वृत्ति से यहां आई थी। किन्तु जिनालय की अपूर्व शांति, शांत सुधारसंपूर्ण श्री शांतिनाथ प्रभु की प्रतिमा, मनमोहक आंगी, सुगन्धी, उत्तम द्रव्य और पावन वातावरण का उस पर अद्‌भुत असर हुआ। वह ज्यों-ज्यों परमात्मा को गहराई से निरखती गई, त्यों-त्यों वह परमात्म भाव से भरती गई।

हम जो भी कुछ देखते-सुनते-चखते-सूंघते या स्मरण करते हैं—उसमें यदि गहराई आ जाती है तो हम सारे के सारे उसी से भर जायेंगे। अच्छा हो तो अच्छे से, बुरा हो तो बुरे से। यदि परमात्मा के दर्शन-स्मरण से गहराई में उत्तर सकें और उससे भर जायें तो निश्चित रूप से अंतर आत्मा में परिवर्तन होने लगता है। मन में स्वच्छता और उल्लास आता है।

राजकुमारी का भी भावोल्लास बढ़ने लगा क्योंकि अति श्रेष्ठ वाद्यों की संगत वाली अद्‌भुत रागिणी में आबद्ध प्रभु की गुण गरिमा सुंनकर उसको प्रथम बार परमात्मा तीर्थंकर देवों की महानता पर अत्यंत आदर, बहुमान और भक्ति पैदा हुए।

